मॉडल प्रश्न–पत्र–V

कक्षा – दसवी

विषय – व्यवसाय अध्ययन (215)

समय : 3 घण्टे **पूर्णांक : 100**

निर्देश : सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

निर्देश : प्रश्न क्रमांक 1 में तीन खण्ड हैं खण्ड (अ) बहुविकल्पीय प्रश्न तथा खण्ड (ब) रिक्त स्थान भरो तथा खण्ड (स) सत्य/असत्य प्रश्न हैं प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक आबंटित है।

खण्ड (अ)

प्रश्न 1. (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए – **(1×5=05)**

1. व्यापार के सहायकों में सम्मिलित है –

(क) बैंकिंग (ख) निर्माण

(ग) क्रय (घ) विक्रय

2. एक निजी सीमित कंपनी में पूँजी का योगादन किसके द्वारा किया जाता है –

(अ) केन्द्रीय सरकार (ब) केवल जनता तथा सरकार

(स) केवल इसके सदस्य (द) केवल जनता को अंश निर्गमन द्वारा

3. निम्न में से कौन–सी आवश्यकता भंडारण की नहीं है –

(क) माल की तुरंत आपूर्ति (ख) माल का मौसमी उत्पादन

(ग) बड़े पैमाने पर उत्पादन (घ) लघु स्तर पर उत्पादन

4. समय–समय पर उपभोक्ताओं की पसंद तथा नापसंद किसके माध्यम से थोक विक्रेता तक पहुँचती है?

(क) विज्ञापन (ख) समाचार व्यापारी

(ग) फुटकर व्यापारी (घ) उपभोक्ता

5. व्यवसाय कौन शुरु कर सकता है –

(क) केवल उच्च शिक्षित व्यक्ति

(ख) केवल अशिक्षित व्यक्ति

(ग) केवल अमीर व्यक्ति

(घ) उपरोक्त सभी

खण्ड (ब)

(ब) रिक्त स्थान भरो– **(1×5=05)**

1. बंधक भंडार गृह आमतौर पर......................................के समीप स्थित होते हैं।

2. बचत बैंक खाते को ....जमा राशि से खोला जा सकता है।

3. अधिविकर्ष की सुविधा ....जमा खाता धारक को मिलती है।

4. ....के द्वारा समान खरीदने में कम्प्यूटर का ज्ञान होना बहुत आवश्यक है।

5. वैयक्तिक विक्रय में ....को वस्तु खरीदने के लिये सहमत करना पड़ता है।

खण्ड (स)

खण्ड (स) सत्य/असत्य लिखिए। **(1×10=10)**

1. औद्योगिक इकाइयों के आस–पास वृक्षारोपण से ध्वनि प्रदूषण कम होता है।
2. संयुक्त पूँजी कंपनी के अंशधारकों का दायित्व असीमित होता है।
3. जल परिवहन पर खराब मौसम का असर नहीं पड़ता।
4. वायु परिवहन, परिवहन का सबसे तीव्र माध्यम है।
5. डाक घर पत्राचार शिक्षा कार्यक्रम में सहायता नहीं करता।
6. थोक विक्रेताओं को अपने व्यवसाय के लिये छोटी पूंजी की आवश्यकता होती है।
7. निविदा, प्रेषकों द्वारा देय धरोहर राशि क्रय के प्रति उनकी गंभीरता को दर्शाती है।
8. सुपर बाजार में सामान ग्राहकों की सुविधा के लिए उधार पर बेचा जाता है।
9. विज्ञापन के माध्यम से प्रायोजक ग्राहकों से सीधा संपर्क करता है।
10. एक उद्यमी में समय पर निर्णय लेने की योग्यता होनी चाहिये।
11. आज की पीढ़ी के पास जीविका के अत्यंत कम विकल्प है।

निर्देश :– प्रश्न क्रमांक 02 से 13 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक निर्धारित हैं।

प्रश्न 2. व्यवसाय की किन्हीं दो विशेषताओं को समझाइए।

प्रश्न 3. उद्योग का क्या अर्थ है?

प्रश्न 4. बहुराष्ट्रीय कंपनी का अर्थ बताइये।

प्रश्न 5. सहकारी समिति का क्या अर्थ है?

प्रश्न 6. परिवहन से क्या अभिप्राय है?

प्रश्न 7. 'वाइस मेल' को दो वाक्यों में समझाइए।

प्रश्न 8. ग्रीमण संचार सेवा का क्या अर्थ है?

प्रश्न 9. निविदा द्वारा विक्रय को समझाइए।

प्रश्न 10. थोक विक्रेताओं की दो विशेषताओं को लिखो।

प्रश्न 11. डाक द्वारा व्यापार से मंगाये जाने वाले दो उत्पादो के उदाहरण दीजिए।

प्रश्न 12. विज्ञापन का क्या अर्थ है?

प्रश्न 13. जीविका को परिभाषित कीजिए।

निर्देश : – प्रश्न क्रमांक 14 से 19 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 03 अंक आबंटित हैं।

प्रश्न 14. जहाजी बीमा किसे कहते हैं।

प्रश्न 15. फुटकर विक्रेताओं की कोई तीन विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न 16. उपभोक्ता संरक्षण से संबंधित विभिन्न पक्षो के नाम बताइये।

प्रश्न 17. उपभोक्ता की शिकायतों के निवारण की प्रक्रिया को समझाइये।

प्रश्न 18 एक सफल उद्यमी की कोई तीन विशेषताओं को बताइयें।

प्रश्न 19. स्वरोजगार किस प्रकार से बड़े स्तर के उद्योगों का विकल्प है।

निर्देश :– प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 04 अंक आबंटित है। सभी में विकल्प दिये गये हैं।

प्रश्न 20. व्यापार की सहायक क्रियाओं का क्या अर्थ है? व्याख्या कीजिए।

अथवा

जल प्रदूषण के क्या प्रभाव है?

प्रश्न 21. निजी कंपनी की चार विशेषताएं लिखिए।

अथवा

संयुक्त पूंजी कंपनी के लाभ बताइये।

प्रश्न 22. सड़क परिवहन के चार लाभ लिखिए।

अथवा

व्यवसायियों के लिए भंडारगृह के लाभ बताइये।

प्रश्न 23 15 वर्षीय सार्वजनिक भविष्य निधि खाते की विशेषताएं बताइये।

अथवा

संप्रेषण के अर्थ एवं प्रक्रिया बताइये।

निर्देश :–प्रश्न क्रमांक 24 से 25 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 05 अंक आबंटित है। सभी में विकल्प दिये गये हैं।

प्रश्न 24. बचत बैंक खाता खोलते समय आपको आवेदन पत्र में क्या–क्या विवरण देने होते हैं?

अथवा

अग्नि बीमा व समुद्री बीमा में कोई पाँच अंतर लिखिए।

प्रश्न 25. विभागीय भंडार की पाँच प्रमुख विशेषताएं लिखो।

अथवा

ग्राहकों के लिए सुपर बाजार किस प्रकार लाभदायक है स्पष्ट कीजिए।

निर्देश :–प्रश्न क्रमांक 26 से 27 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 06 अंक आबंटित है। सभी में विकल्प दिये गये हैं।

प्रश्न 26. विज्ञापन का क्या अर्थ है इसकी चार विशेषताएं बताइए।

अथवा

विज्ञापन के उन माध्यमों के बारे में बताइए, जिनसे सूचना प्राप्त करने के लिए उपभोक्ता को पैसे खर्च नहीं करने पड़ते।

प्रश्न 27. उपभोक्त किसे कहते हैं? उपभोक्ता के दायित्व क्या हैं?

अथवा

उपभोक्ता के हितो की सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा विभिन्न अधिनियम के नाम बताइए।